स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय... पृष्ठ 2 | सिंघोला-खुर्सीपार सड़क का होगा... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 10 मई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 201, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# सीजफायर ऐलान के 3 घंटे बाद ही जम्मू-कश्मीर में कई धमाके

## पाकिस्तान ने सीजफायर का किया उल्लंघन?, अब युद्ध होगा ?

**जम्मू।** भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम 5 बजे सीजफायर लागू हो गया। इसके 3 घंटे बाद ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन कर दिया।

रात 8 बजे से पाकिस्तान की तरफसे जम्मू-कश्मीर के अखनूर, पुंछ, नौशेरा, श्रीनगर, आरएसपुरा, सांबा, उधमपुर में फायरिंग की जा रही है। राजौरी में शेलिंग (तोप और मोर्टार) की गई। उधमपुर में ड्रोन से हमला हुआ। फायरिंग के बाद से जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और गुजरात के बॉर्डर वाले जिलों में ब्लैकआउट कर दिया गया है। 22 अप्रैल से 10 मई तक पाकिस्तान की गोलीबारी में 4 जवान शहीद हो चुके हैं। 60 जवान पाकिस्तानी हमलों में घायल भी हुए हैं। वहीं, 17 नागरिकों की भी मौत हो चुकी है और 60 से ज्यादा लोग घायल हैं।

इनके अलावा राजौरी के अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त डॉ. राज कुमार थापा भी पाकिस्तानी गोलाबारी में घायल हुए थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- ये कैसा सीजफायर है। श्रीनगर में धमाकों की आवाज सुनाई दे रही है। जम्मू-कश्मीर, राजस्थान-पंजाब में फिर ब्लैकआउट सीजफायर के ऐलान के बाद जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और पंजाब के



बॉर्डर वाले जिलों में ब्लैकआउट रद्द कर दिया था। लेकिन, पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर में फायरिंग के बाद फिर से ब्लैकआउट कर दिया गया है। बॉर्डर वाले जिलों की बिजली काट दी गई है। लोगों को घर से न निकलने की एडवाइजरी जारी की गई है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने - पर पोस्ट किया। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा, 'रात में यूएस की मध्यस्थता में चली लंबी बातचीत के बाद मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं।' भारत के विदेश सचिव बोले- सीजफायर हुआ ट्रंप के बयान के 30 मिनट बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी शाम 6 बजे प्रेस ब्रीफ के लिए आए। 42 सेकेंड में अपनी बात खत्म की और चले गए। उन्होंने कहा- पाकिस्तान के DGMO ने शनिवार दोपहर 3:35 बजे भारतीय DGMO को फोन किया। सहमति बनी कि दोनों पक्ष शनिवार दोपहर 5 बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। इस सहमति को लागू करने के लिए दोनों पक्षों को निर्देश दिए गए हैं। वे 12 मई को दोपहर 12 बजे फिर से बात करेंगे। पाकिस्तान ने भी सीजफायर की पुष्टि की पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा, 'पाकिस्तान और भारत ने तत्काल प्रभाव से युद्ध विराम पर सहमति जताई है। पाकिस्तान ने हमेशा अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किए बिना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया है।'

अमेरिकी विदेश मंत्री ने बुधवार रात भारत-पाक से बात की थी अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बुधवार रात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात की। उन्होंने दोनों देशों से तनाव कम करने और दक्षिण एशिया में शांति स्थापित को लेकर मिलकर काम करने की अपील की थी। आतंकवाद की निंदा की, लेकिन भारत को संयम बरतने को भी कहा अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने बताया कि मार्को रूबियो ने जयशंकर से फोन कॉल पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वालों के लिए शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका भारत के साथ है।

## अपनी जमीन पर किसी भी आतंकी हमले को युद्ध मानेगा भारत, सरकार ने किया बड़ा फैसला



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच शनिवार को बड़ी बैठक की. बैठक में देश के ताजा हालातों पर चर्चा की गई. इस बीच भारत सरकार ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि भारत की जमीन पर किसी भी तरह के आतंकी हमले को भारत युद्ध मानेगा. भारत उसी के अनुसार कदम उठाएगा. भारत सरकार ने फैसला किया है कि भारत की जमीन पर किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई को भारत युद्ध मानेगा. भारत उसी के अनुसार जवाब भी देगा. शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर बड़ी बैठक की. मीटिंग में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफऑफडिफेंस स्टाफ और भारतीय सेना के तीनों शीर्ष अधिकारी मौजूद थे. यह बैठक पाकिस्तान के चार एयरबेस पर भारत पलटवार के बाद हुई.

**भारत ने किया पलटवार**

भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि भारतीय लड़ाकू विमानों से हवाई हथियारों का उपयोग करके रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीम यार खान, सुक्कुर और चुनियन में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों के साथ-साथ पसरूर और सियालकोट विमानन ठिकानों के रडार स्थलों पर सटीक पलटवार किया है. मीडिया से बात करने के दौरान विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत के खिलाफपाकिस्तान की ओर से की जा रही कार्रवाई उसकाने वाली है. विदेश सचिव ने कहा च्पाकिस्तान की कार्रवाई उकसावे वाली और तनाव बढ़ाने वाली थी. लेकिन, भारत ने जवाबी कार्रवाई में संयम दिखाई. भारत ने संतुलित तरीके से बचाव और प्रतिक्रिया की.ज

**पाकिस्तान ने किया 26 स्थानों पर हमला**

इससे पहले शुक्रवार रात पाकिस्तानी सेना की ओर से भारत के 26 इलाकों पर हमला किया गया था. पाकिस्तान ने उधमपुर , पठानकोट , आदमपुर, भुज और बठिंडा के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया. हमले में कई कर्मचारियों को चोटें लगी है. पंजाब के एयरबेस स्टेशन को निशाना बनाने के लिए पाकिस्तान ने देर रात हाई-स्पीड मिसाइलों का इस्तेमाल किया. उसने श्रीनगर, अवंतीपोरा और उधमपुर के एयरबेस में अस्पतालों और स्कूलों को गैर-पेशेवर तरीके से निशाना बनाने की कोशिश की. भारत की एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी हमलों को नाकाम कर दिया.

### राजनादगांव खैरागढ़ रोड चौड़ीकरण की स्वीकृति

## डॉ रमन सिंह के विशेष प्रयासों से राज्य शासन से स्वीकृति मिली

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव से खैरागढ़ रोड के 34.4 किलोमीटर तक के चौड़ीकरण का कार्य सीआरएफ फंड के स्वीकृत होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के विशेष प्रयासों से राज्य शासन से स्वीकृति मिलने पर अब इस रोड के चौड़ीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। विदित हो कि लंबे समय से इस मार्ग में विभिन्न उद्योग एवं व्यावसायिक गतिविधियों के साथ-साथ खैरागढ़ कवर्धा के



आवागमन में तेजी आने से लगातार दुर्घटना होने के कारण लंबे समय से नागरिकों ने रोड चौड़ीकरण की मांग प्रस्तावित थी, क्योंकि इस मार्ग में 5.5 मीटर ही सिंगल रोड का निर्माण है, जिसे बढ़ाकर अब 10 मीटर कर दिया गया है। लंबे समय से नागरिकों की मांग पर इस बजट में भी शामिल करवा कर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने राज्य शासन से स्वीकृति दिलाई, जिससे स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है।

## राफेल डील को निर्णायक रूप देने में मनोहर पर्रिकर की अहम भूमिका

### एक अटकी डील को ऐतिहासिक रक्षा समझौते में बदलने वाला नेतृत्व

उत्तम पाण्डेय

**नई दिल्ली ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत और फ्रांस के बीच 36 राफेल लड़ाकू विमानों की डील को लेकर भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में 2015 में इसकी घोषणा की हो, लेकिन इस डील को व्यवहारिक रूप देने में उस समय के रक्षा मंत्री स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर की भूमिका सबसे अहम मानी जाती है। 23 सितंबर 2016 को भारत-फ्रांस के बीच हुई लगभग ?58,000 करोड़ की यह डील वर्षों से तकनीकी, वित्तीय और प्रशासनिक कारणों से अटकी हुई थी।



गोवा से आने वाले सरल और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व के स्वामी पर्रिकर ने रक्षा मंत्रालय की नौकरशाही शैली को चुस्त किया और डील से जुड़ी उलझनों को सुलझाने में बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने राफेल डील को पारंपरिक रक्षा खरीद प्रक्रिया से हटाकर सरकार से सरकार मॉडल में बदला, जिससे प्रक्रिया तेज और पारदर्शी हो सकी। सूत्रों के अनुसार, पर्रिकर ने वायुसेना की जरूरतों को सर्वोपरि रखते हुए यह सुनिश्चित किया कि भारत को तत्काल आधुनिक लड़ाकू विमान उपलब्ध हों। उन्होंने तकनीकी मूल्यांकन को प्राथमिकता दी और रक्षा सौदे से जुड़ी बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करने का मार्ग प्रशस्त किया। हालांकि डील पर बाद में राजनीतिक विवाद भी हुए, लेकिन मनोहर पर्रिकर ने शांत और तथ्यात्मक तरीके से संसद व मीडिया में सरकार का पक्ष मजबूती से रखा। उनके इसी दृष्टिकोण और निर्णय क्षमता के कारण राफेल डील को लेकर बनी भ्रांतियों को काफी हद तक दूर किया जा सका। आज जब भारतीय वायुसेना के बेड़े में राफेल शामिल हो चुका है और इसकी युद्धक क्षमताएं वैश्विक स्तर पर चर्चा में हैं, तब स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर की रणनीतिक सोच और दूरदर्शिता को याद किया जाना बेहद जरूरी है। यह कहना गलत नहीं होगा कि राफेल डील को अमलीजामा पहनाने में पर्रिकर की भूमिका भारत की रक्षा नीति के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज है।

## सांसद संतोष पांडे ने मां भानेश्वरी देवी का किया दर्शन लिया

### प्रदेश एवं जिले वासियों के सुख समृद्धि की कामना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम सिंघोला में प्रदेश स्तरीय मां भानेश्वरी देवी जयंती महोत्सव आयोजित में लोकप्रिय सांसद श्री



संतोष पांडेय जी ने मां भानेश्वरी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मां भानेश्वरी का चमत्कार, त्याग और तपस्या का किस्सा चारों तरफ प्रचलित है। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित किया। आज समाज को माता का आशीर्वाद मिल रहा है। साथ मे युवा मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र साहू, वक्रतुंड साहू डोमेश्वर साहू,पाशपाल साहू,जितेंद्र कुमार , अभिजीत साहू सहित युवा मोर्चा के साथी रहे।

## मुख्यमंत्री साय ने हाइड्रोजन फ्यूल ट्रक को दिखाई हरी झंडी

### शून्य कार्बन उत्सर्जन और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल- मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी स्थित अपने निवास परिसर से हाइड्रोजन फ्यूल लॉजिस्टिक ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अपने हस्ताक्षर कर हाइड्रोजन ट्रक के चालक को चाबी सौंपी और इस अभिनव पहल के लिए सीएसपीजीसीएल और अडानी नैचरल रिसोर्सेस को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पहल छत्तीसगढ़ और देश को हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर करने वाला क्रांतिकारी कदम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ लगातार विकास कर रहा है और इसमें आज एक नया आयाम जुड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस है और उन्होंने वर्ष 2070 तक भारत को शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बनाने का जो संकल्प लिया है, उसे पाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण और औद्योगिक विकास के बीच संतुलन साधने में भी यह कदम मददगार होगी। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा समृद्ध प्रदेश है और इस ट्रक का उपयोग खनिज परिवहन में होने से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पारंपरिक संसाधनों के साथ-साथ ग्रीन टेक्नोलॉजी और नवाचार को भी प्राथमिकता दी जा रही है। श्री साय ने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ संभव हैं और ऐसी पहल से हमारे संकल्प को और मजबूती मिलेगी। इस मौके पर अडानी एंटरप्राइजेज के नैचरल रिसोर्सेस के सीईओ डॉ. विनय प्रकाश ने भी अपने विचार साझा किए और इस पहल को खनन क्षेत्र में सतत विकास के लिए मील का



पत्थर बताया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चंद्राकर, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री संजीव कटियार और अडानी ग्रुप के प्रतिनिधि मौजूद रहे। हाइड्रोजन प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला तत्व है और सबसे विशेष बात यह किसी भी प्रकार का हानिकारक उत्सर्जन नहीं करता है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल से चलने वाले वाहन डीज़ल ट्रक जितनी दूरी और लोड उठाने की क्षमता रखते हैं। लेकिन धुएं के बजाए ये सिर्फपानी की भांप और गर्म हवा उत्सर्जित करते हैं और आवाज़ भी बहुत कम करते हैं। चूंकि माइनिंग क्षेत्र में अधिकांश मशीनें मुख्य रूप से डीज़ल से ही चलती है, ऐसे में स्वच्छ ईंधनों को अपनाने से प्रदूषण और शोर को कम करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, यह कदम भारत की कच्चे तेल पर निर्भरता घटाने और कार्बन फुटप्रिंट कम करने में भी सहायक होगा। खास बात यह है कि अडानी नैचरल रिसोर्सेस एशिया की पहली कंपनी है, जिसने 'डोज़र पुश सेमी ऑटोनॉमस तकनीक को अपनाया है, जिससे सुरक्षा और स्थिरता, दोनों को बढ़ावा मिल रहा है। गौरतलब है कि भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी साझेदारी से यह ट्रक तैयार किया गया है और इसमें ईंधन के तौर पर हाइड्रोजन का उपयोग होगा। इसके अंतर्गत माल परिवहन के लिए हाइड्रोजन फ्यूल सेल बैटरी से चलने वाले ट्रक विकसित किया जा रहा है। प्रत्येक ट्रक स्मार्ट तकनीक और तीन हाइड्रोजन टैंक से लैस होगा, जिसमें 200 किलोमीटर की दूरी तक 40 टन तक का माल ले जाने की क्षमता होगी।

## सनसिटी में मातृ दिवस पर विशेष आयोजन




**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** सनसिटी सोसायटी , कंचनबाग में आगामी 11मई को मातृ दिवस के अवसर पर स्वर्गीय रतन देवी चोपड़ा जी की स्मृति में एक शाम मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहे है । विगत 3 मई से सोसाइटी में बच्चों के लिए निःशुल्क डांस एवं ड्राइंग की कक्षा आयोजित की जा रही है , जिसमें बच्चे बड़े उत्साह से भाग ले रहे है । डांस की कक्षा सुबह 8:30 से 9:30 तक देवी श्रीवास्तव के द्वारा ली जा रही है जिसमें सोसाइटी के 40 बच्चे रोजाना अलग अलग तरीके से नृत्य की बारिकियाँ सीख रहें है । वहीं ड्राइंग व हैंड राइटिंग की क्लास शाम 8:30 से 9:30 तक कल्पेश चौहान सर द्वारा ली जा रही है , जिसमें लगभग 60 बच्चे ड्राइंग की कला सीख रहे है । इसी कडी में मातृ दिवस का आयोजन सोसाइटी परिवार द्वारा किया जा रहा है । जिसमें बच्चों द्वारा माताओं का सम्मान किया जायेगा । बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ , चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी करने जा रही है । सोसाइटी के अध्यक्ष श्री आनंद चोपड़ा जी द्वारा बच्चों के लिए तरह तरह की गतिविधि इसलिए करायी जा रही है ताकि बच्चे शारीरिक तथा मानसिक रुप से स्वस्थ रहे और मोबाइल से दूरी बनाये रखें । इस पूरे कार्यक्रम के लिए अतुल चोपड़ा ,दिप्ती , रुचि श्रीवास्तव , रितिका तिवारी , पिंकी माहेश्वरी , अर्पिता जेठानी तथा मनिषा देवांगन को प्रभारी नियुक्त किया गया है । सोसाइटी के अध्यक्ष श्री आनंद चोपड़ा , कार्यकारी अध्यक्ष श्री सुशील माहेश्वरी , सचिव दिलीप गोलछा , कोषध्यक्ष राजेश डागा , संरक्षक राजेश गुप्ता , प्रवीण गुप्ता , गोविन्द मलानी दिलीप खंडेलवाल रोहित टाटिया , दिनेश बगानी , अंकुर जैन , कुणाल शर्मा तथा लालू सांखला के द्वारा कार्यक्रम के लिए निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है ।

## फणेश्वरी साहू समाज सेवक संघ की घुमका की अध्यक्ष बनीं

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** समाज सेवी एवं समाज सेवक के संयोजक श्री संजीव सिंघल ने घुमका की श्रीमती फणेश्वरी साहू को समाज सेवक संघ का अध्यक्ष बनाया । उल्लेखनीय है कि वे समाज शास्त्र में एम.ए., एवं डी.एल.डी. है । इनकी घुमका में पार्थ साड़ी सेंटर के नाम से कपड़े की दुकान है । इनकी नियुक्ति पर प्रियांशु सिंघल, स्वाति देवांगन, कु. उमा साहू, नेमिन देशमुख, लक्ष्मी निषाद, सावन सोनी, प्रमिला साहू, यमला साहू, हर्ष साहू, भीमा साहू, चन्द्रहास देवांगन, भूषणलाल देवांगन, चंचल तिवारी, मनीष खण्डेलवाल, देवदास साहू, अनामिका सिन्हा, हिमलेश्वरी साहू, योगिता चौरे, थालेश्वरी डेहारी, भूमिका साहू, वंदना सिन्हा, भुवाल प्रसाद लिल्हारे, तारिक ललानी, निशि ध्रुव, पूर्वी साहू, प्राची शर्मा, सरस्वती वर्मा, अर्पित पटेल, तामेश्वर साहू, अश्विनी पटेल, ममता मैथिल, गिरीश साहू, रूपा कंवर, पायल यादव, महेन्द्र बघेल, मोतीलाल रावटे, मनोज भट्टाचार्य, बबीता लहरे, विजय निषाद, आकाश यादव, दिनेश पटेल, दौलतराम साहू, हेमंत ठाकुर, लोकेन्द्र वर्मा, चंचल साहू, खुलेन्द्र साहू, रेवती साहू, संगीता रावटे, आदि ने बधाई एवं शुभकामनाऐं दी हैं।



## मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में प्रत्येक माह के दूसरे गुरुवार त्वचा रोग विशेषज्ञ देंगी सेवाएं.

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में 08 मई 2025 दिन गुरुवार को त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुगंध गांधी (एम.डी.) के द्वारा कुल 36 मरीजों का उपचार कर उचित परामर्श दिया गया, इस शिविर में धुसेरा, कन्हारगांव, देवकट्टा, रामाटोला एवं डोंगरगढ़ के मरीजों ने लाभ उठाया। वह अपनी सेवाएँ माह के दुसरे गुरुवार को प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे तक प्रदान करेंगी । इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्षअनिल गट्टानी, उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश मिश्रा, मंत्री महेन्द्र परिहार, सहमंत्री बबलू शांडिल्य एवं ट्रस्टीगण पीताम्बर स्वामी, प्रकाश विन्दल, संजीव गोमास्ता उपस्थित रहे।

मंदिर ट्रस्ट ने उन्हें धन्यवाद देते हुये इसी तरह के सहयोग बनाये रखने का निवेदन किया । उक्ताशय की जानकारी मंदिर ट्रस्ट समिति के मंत्री महेन्द्र परिहार ने दी है।

## समाधान शिविर भाजपा की सच्ची जनसेवा का प्रमाण: सभापति बिरम मंडावी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत सभापति श्रीमती बिरम रामकुमार मंडावी ने कहा कि भाजपा, जो हमेशा राष्ट्रहित, जनहित और अंत्योदय की भावना को अपने मूल में रखती है, उसने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि राजनीति केवल सत्ता का साधन नहीं, सेवा का माध्यम होती है। विष्णुदेव साय का यह निर्णय दर्शाता है कि जब नेतृत्व दृढ़ इच्छाशक्ति, संवेदना और दूरदर्शिता से ओतप्रोत हो, तो शासन लोगों के जीवन का हिस्सा बन जाता है, वह शासन नहीं, सेवा धर्म बन जाता है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार, विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जो समाधान शिविर की पहल की गई है, वह केवल एक प्रशासनिक योजना नहीं, बल्कि जनकल्याण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह शिविर एक माध्यम है, जिसके द्वारा सरकार आम नागरिकों के द्वार तक पहुंच रही है। उनकी समस्याओं को सुनने, समझने और मौके पर ही समाधान देने के संकल्प के साथ। भाजपा हमेशा से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलती रही है, और समाधान शिविर उसी भावना का प्रत्यक्ष उदाहरण है।



## डोंगरगढ़ की दीपिका वर्मा (श्रेया)का छत्तीसगढ़ वूमेंस टीम में चयन!

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 15 वूमेंस क्रिकेट के चयन ट्रायल में धर्मनगरी डोंगरगढ़ शहर की दीपिका वर्मा का चयन किया गया है! दीपिका वर्मा डोंगरगढ़ क्रिकेट अकादमी में पिछले 03 वर्ष से प्रशिक्षण ले रही हैं और आठवीं कक्षा की छात्रा हैं , रायपुर से आए चयनकरता द्वारा उनकी ऑफस्पिन बॉलिंग और फील्डिंग को देखते हुए उनका चयन छत्तीसगढ़ की 37 संभावितों खिलाड़ियों में किया गया है! अब इन 37 खिलाड़ियों का रायपुर में प्रशिक्षण लगाया जाएगा! दीपिका वर्मा डोंगरगढ़ की पहली वूमेनस क्रिकेटर हैं जिनका चयन छत्तीसगढ़ की संभावितों में हुआ है गौरवबल है कि राजनांदगांव जिले से दो खिलाड़ियों का चयन प्रदेश की टीम के लिए हुआ है उनमें से एक खिलाड़ी डोंगरगढ़ की है जो कि डोंगरगढ़ के लिए और डोंगरगढ़ क्रिकेट अकादमी के लिए बहुत ही गौरवनित पल है !डोंगरगढ़ क्रिकेट अकादमी से पिछले तीन-चार वर्षो में अंडर14,16,19 में खिलाड़ियों ने जिला एवं प्रदेश स्तर में अपना स्थान बनाया है और वहां अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं! होनहार खिलाड़ियों के चयन पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश बागड़ी ने डोंगरगढ़अकादमी की सराहना करते हुए दीपिका के उज्वल भविष्य की कामना करते शुभकामनाएं दी गई है.



**शुभांक**

**2-7-8**

**257-4 258-5**


**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

**मैनुअल पद्धति जोनल निविदा सूचना क्र. 01 (प्रथम आमंत्रण)**

क्रमांक/633/निविदा/ग्रा.यां.सेवा/2025-26 कबीरधाम दिनांक 07/05/2025

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल के ओर से केवल एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित विकासखण्ड अंतर्गत छोटे-छोटे रु. 25.00 लाख तक लागत की विभिन्न निर्माण कार्यों का जोनल निविदा (25 लाख तक) के निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 23.05.2025 तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | प्रत्येक भाग की अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | जोनल निविदा वि.ख. कवर्धा भाग 1,2,3,4, | 30.00 |
| 2 | जोनल निविदा वि.ख. बोड़ला भाग 1,2,3,4,5,6, | 30.00 |
| 3 | जोनल निविदा वि.ख. पण्डरिया भाग 1,2, | 30.00 |
| 4 | जोनल निविदा वि.ख. स.लोहारा भाग 1,2, | 30.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट https://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 09.05.2025 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

जी-252600727,


# स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय साल्हेवारा में प्रथम बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वी में हिमांशु शुक्ला ने रचा इतिहास

## वनांचल साल्हेवारा को किया गया गौरवान्वित, विकल्प रहित संकल्प के साथ अखण्ड प्रचंड पुरुषार्थ कर पाया लक्ष्य

**साल्हेवारा ( नांदगांव टाइम्स )।** शुरू से ही मेधावी रहे छात्र हिमांशु शुक्ला ने 10वी बोर्ड परीक्षा में अपनी स्कूल में टॉप किया व अपने अध्ययन काल से ही कक्षा में शीर्ष में रहना इस विद्यार्थी की आदत में शुमार है इसके अतिरिक्त खेलकूद में भी काफी दीवानगी है चाहे क्रिकेट फूटबाल बैडमिंटन व कोई से भी शारीरिक मानसिक खेल हो सभी मे विलक्षण प्रतिभा है इस छात्र में इस छोटी सी उम्र में क्रिकेट का दीवाना यह विद्यार्थी हरफनमौला क्रिकेटर भी है व वनांचल में जो भि क्रिकेट स्पर्धा होती है बड़ी टीम के खिलाड़ी इसे अवश्य ही अपनी टीम में खिलाने घर से लेकर जाते है।इसके अतिरिक्त यह छात्र राज्य स्तरीय माउन्टेन साइकिलिंग में चयनित होकर अपने विद्यालय के लिए स्वर्ण पदक जीत चुका है 2024 में।।उस समय भी स्कूल के अतिरिक्त विभिन संस्थाओं ने उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आयोजन कर उसका उत्साहवर्धन किया व बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।।



छात्र हिमांशु के पिता दिलीप शुक्ला साल्हेवारा क्षेत्र से दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र हरिभूमि के संवाददाता है व जिला न्यायालय राजनांदगाँव में अधिवक्ता के रूप में व्यवसायरत है।छात्र के दादाजी श्री रामअवतार शुक्ला पुलिस विभाग पुलगांव थाना से असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर पुलिस से सेवानिवृत्त है व चाचा अनित शुक्ला साइबर क्राइम राजनांदगाँव में पुलिस विभाग में कार्यरत है। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी दसवी बोर्ड परीक्षा परिणाम में सेजेस सालहेवारा हिंदी माध्यम कक्षा दसवीं मे सेवेंद्र साहू पिता श्री त्रिलोकी नाथ साहू 93.16त्न प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इंग्लिश मीडियम कक्षा दसवीं में हिमांशु शुक्ला पिता श्री दिलीप शुक्ला साल्हेवारा 87.5त्न के साथ इंग्लिश मीडियम छात्रों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हिंदी माध्यम से जतिन शर्मा 92.33 प्रतिशत द्वितीय, हिमेश पटेल 89 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे हैं। इंग्लिश मीडियम से दीक्षा वर्मा 82.33 प्रतिशत प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रही है। होनहार बच्चो ने वनांचल क्षेत्र सालहेवारा को गौरांवित किया है। बच्चो की आपार सफलता से क्षेत्र वासियों में खुशी का माहौल है। साथ ही उनकी उज्वल भविष्य की शुभकामना प्रदान किए हैं। बच्चो ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता अपने स्कूल के गुरुजनों को दिये हैं। साथ ही खादी स्कूल के शिक्षक श्री उत्तम कुमार भट्ट जी को विशेष मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किए हैं।उत्तम भट्ट सर का बेहतर मार्गदर्शन में कई वर्षों से छात्र। छात्राएं बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे है व अपने साथ साथ अपने माता पिता स्कूल व अंचल को गौरवान्वित कर अपना भविष्य बेहतर करने की ओर अग्रसर रहते रहे है उपरोक्त परिणामो से समूचा वनांचल साल्हेवारा में जबरदस्त खुशी का माहौल है व प्रत्येक वर्ष बच्चे भट्ट सर का बेहतर मार्गदर्शन मिलने के चलते वनांचल को सुर्खियों में बनाये रखते चले आ रहे है।

# शिवनाथ नदी में नहाते समय डूबा युवक 18 घंटे की मशक्कत के बाद मिला शव



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खुर्शीटिकुल गांव में शुक्रवार को एक शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की नदी में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बालाघाट निवासी देव कुमार चौरीया (पिता ङ्क संतराम चौरीया) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया है कि देव कुमार शुक्रवार दोपहर बारातियों के साथ मोक्षधाम सांकरदाहरा घाट पर नहाने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नहाते वक्त वह अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते पानी में लापता हो गया। उसके साथ मौजूद लोग मदद के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन तब तक वह पानी में समा चुका था। सूचना मिलते ही डोंगरगांव पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की सहायता से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया गया। शुक्रवार देर रात तक शव की तलाश जारी रही, लेकिन अंधेरा और नदी का तेज बहाव बाधा बना रहा।



शनिवार सुबह गोताखोरों ने फिर से अभियान शुरू किया और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मोक्षधाम सांकरदाहरा एनीकट के पास से शव को बाहर निकाला गया। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी अवनीश कुमार श्रीवास ने बताया कि मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट रूप से दुर्घटनावश डूबने का मामला माना जा रहा है। पोस्टमार्टम करके शव परिजनों को सौंप दिया गया पुलिस ने मोक्षधाम सांकरदाहरा समिति को सूचना बोर्ड लगाने के लिए कहा गया है बाहरी व्यक्तियो को जानकारी सूचना बोर्ड में सांकरदाहरा घाट नदी में गहराई से अनेक सावधानियां बरतने के लिए बताया है,

## बुद्ध जयंती की विधायक डॉ.रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे ने दी बधाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद श्री संतोष पाण्डे ने नागरिको को बुद्ध जयंती की शुभकामनाए दी है। उन्होंने अपने संदेश मे कहा कि राजकुमार सिद्धार्थ गौतम का जन्म वैशाख पूर्णिमा को हुआ था. इसी दिन बुद्ध जयंती मनाई जाती है। ज्ञान प्राप्त कर सिद्धार्थ गौतम गौतम बुद्ध बन गए और बौद्ध धर्म की स्थापना की. बुद्ध पूर्णिमा को वेसाक जयंती या बुद्ध जयंती (बुद्ध पूर्णिमा) के रूप में भी जाना जाता है. बुद्ध जयंती या बुद्ध दिवस बौद्ध त्योहार है, जो दक्षिण, दक्षिण-पूर्व और पूर्वी एशिया के अधिकांश हिस्सों में मनाया जाता है। विधायक डॉ. सिंह ने कहा कि गौतम बुद्ध के जीवन की तीन महत्वपूर्ण घटना- जन्म, ज्ञान प्राप्त करना और मृत्यु भी इसी दिन घटित हुआ था. इसलिए इस दिन को दुनिया भर के बौद्धों द्वारा तीन बार धन्य उत्सव माना जाता है. यह दिन आध्यात्मिक चिंतन और उत्सव का समय है, जिनमें प्रार्थना सभा, मंदिर के दर्शन और सेवा कार्य किए जाते हैं। उन्होंने बुद्ध पूर्णिमा को एक जुट होकर उत्साह से मनाकर गौतम बुद्ध के बताए मार्गो पर चलने की अपील की है। सांसद श्री पाण्डे ने बधाई देते हुये कहा कि बुद्ध का दर्शन बौद्ध धर्म के रूप में भी जाना जाता है. यह दुख के अनुभव और इसे दूर करने के तरीके पर आधारित है. यह चार आर्य सत्यों की अवधारणा पर जोर देता है. इसमें दुख की प्रकृति (दुक्खा), इसका कारण, निरोग और निरोग की ओर ले जाने वाला मार्ग (अष्टांग मार्ग) शामिल है.



# जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत भर्रेगांव में समाधान शिविर का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तन्मयता से कार्य कर रहा है। सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समाधान शिविरों का आयोजन कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भर्रेगांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत भर्रेगांव, जंगलेसर, खैरा र, पारीकला, सुंदरा, तोरनकट्टा, ईरार, खुटेरी, परींखुर्द, मोखला, आरला, ठेकवा, मनकी के ग्रामीणों द्वारा शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी गई। समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण भी किया गया। सभी विभागीय अधिकारियों ने निराकरणों का वाचन किया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नन्हें शिशुओं का अन्नप्राशन्न का आयोजन किया गया तथा गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने अवलोकन किया। स्टॉल में अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में प्रस्तुत शिकायतों एवं मांगों के आवेदनों का निराकरण होने से ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी और शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास देखने को मिला। शिविर में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों एवं हितग्राहियों ने सुशासन तिहार के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, जिला सहकारी, श्रम विभाग, आयुर्वेद विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई।




## महापौर ने दी बुद्ध जयंती की बधाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महापौर श्री मधुसूदन यादव ने बुद्ध जयंती की बधाई देते हुये कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने सत्य,अहिंसा,दया,करूणा व साकाहार के मार्ग पर चलने की सीख दिये। उन्होंने भगवान गौतम बुद्ध के बताये मार्गो पर चल कर समाज की उन्नति के लिये कार्य करने तथा समाज के हर व्यक्ति के सुख समृद्धि व समाज के निर्धन बच्चों को शिक्षा देनें, समाज हित में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध समाज के अंतिम व्यक्ति की चिन्ता करने की सीख दिये तभी समाज उन्नति करेगा। उन्होंने बुद्ध जयंती एक जुट होकर उमंग व उल्लास के साथ मनाने की अपील की है। निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा,नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री साावन वर्मा, सुनील साहू, राजेश जैन रानू, श्रीमती बिना ध्रुव, शैंकी बग्गा,आलोक श्रोती,राजा माखीजा,श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, श्रीमती केवरा विजय राय, एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू, सहित अपील समिति के सदस्यों श्रीमती श्ररुती लोकेश जैन, श्री संतोष कुमार साहू, श्रीमती मोहनी बाई एवं श्री सेवक राम उइके तथा पार्षदों ने नागरिकों को बुद्ध जयंती के प्रसंग पर अपनी शुभकामनाएं देते हुये उनके बताये मागों पर चलकर जयंती मनाने की अपील की है।



# शिक्षा विभाग द्वारा बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं विभागीय विषय के संबंध में बैठक संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल द्वारा डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव में बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं विभागीय विषयों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल समन्वयक उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र के बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कक्षा दसवीं के पश्चात विषय चयन, कैरियर ऑप्शंस के लिए बच्चों का काउंसलिंग करने कहा। उन्होंने बेहतर परिणाम के लिए पालकों से चर्चा करने तथा विषय विशेषज्ञों की टीम के साथ मिलकर कार्य करने कहा। उन्होंने परीक्षा परिणाम और शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा अंतर्गत जिले में कक्षा 10वीं में कुल 68.76 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। जिसमें बालक 62.05 प्रतिशत एवं बालिका 74.08 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 12वीं में कुल 82.25 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें 78.36 प्रतिशत बालक एवं 84.93 प्रतिशत बालिका शामिल है। जिले में कक्षा 10वीं में कुल 18 छात्र-छात्राओं ने जिला स्तर पर टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया है। वहीं कक्षा 12वीं में कुल 17 छात्र-छात्राओं ने जिला स्तर पर टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल ने नये शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालयों में सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने विद्यालय में साफ-सफाई, समय सारणी का निर्माण, पाठ्य पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण एवं स्कूल प्रारंभ के बाद शिक्षक दैंनदिनी व शासन के सभी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों का पालन करने कहा। बैठक में बताया गया कि स्वयंसेवकों द्वारा कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए समर कोचिंग क्लास का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने कहा गया। बैठक में 21 जून को विश्व योग दिवस की तैयारी को लेकर चर्चा की गई और योग संस्थानों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। इस आगामी शैक्षणिक सत्र में नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, मध्यान्ह भोजन, स्मार्ट क्लास, छात्रवृत्ति वितरण सहित अन्य विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विशेष वक्ता के रूप में श्री दिलेश्वर ठाकरे द्वारा सिपेट कोर्स एवं कैरियर ऑप्शंस के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।




**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव,जिला-राजनांदगांव,छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

क0/1496/ अविअ/प्रवा0-3 / 2025
राजनांदगांव, दिनांक 02/05/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक..... महावीर इन्फाकॉन प्राय. लिमि. डायरेक्टर विनोद बोहरा पिता जेठमल बोहरा, निवासी सनसिटी, कंचनबाग, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम फरहद, पटवारी हल्का नंबर 29, खसरा नंबर 32/8 व 32/177 रकबा 0.0160 व 0.1787 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन (भू-खण्डीय विकास) हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा, कॉलोनाईजर लायसेंस इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या 16/05/2022 तक अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छ.ग.**

// ईश्तहार //

क0/1495/ अविअ/प्रवा0-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 02/05/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक..... महावीर इन्फाकॉन प्राय. लिमि. डायरेक्टर विनोद बोहरा पिता जेठमल बोहरा, निवासी सनसिटी, कंचनबाग, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम फरहद, पटवारी हल्का नंबर 29, खसरा नंबर 32/178 रकबा 0.1948 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन (भू-खण्डीय विकास) हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा, कॉलोनाईजर लायसेंस इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 16/05/2025 तक तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त, दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

nandgaon times may-11-03.qxd 5/10/2025 11:24 PM Page 3



# सिंघोला-खुर्सीपार सड़क का होगा कायाकल्प : विभा साहू

## जिपं सदस्य की मांग पर डिप्टी सीएम अरूण साव ने दिया भरोसा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू ने सिंघोला में नौ मई को आयोजित प्रदेश स्तरीय मां भानेश्वरी जयंती समारोह में पहुंचे उपमुख्यमंत्री अरूण साव को ज्ञापन सौंपकर ग्राम सिंघोला से खुर्सीपार तक की जर्जर हो चुकी सडक़ की शीघ्र मरम्मत एवं नवीनीकरण कराने की मांग की, जिस पर श्री साव ने साल भर के भीतर सडक़ का नवीनीकरण कराने की मंच से घोषणा की

जिस पर सामाजिक पदाधिकारी एवं उपस्थित समस्त जनसभा ने श्री साव को धन्यवाद दिया ।

श्रीमती साहू ने डिप्टी सीएम श्री साव को दिए ज्ञापन में जानकारी दी है कि सिंघोला से खुर्सीपार तक सडक़ की लंबाई करीब 17 किमी. है, जिसका निर्माण वर्ष 2007-08 में पीएमजीएसवाय के द्वारा किया गया था। वर्ष 14-15 में इस मार्ग का नवीनीकरण हुआ था जिसके बाद वर्ष 2018 में इस मार्ग को जिला मुख्य मार्ग में जोड़ा गया। उसके बाद इस रोड का हस्तांतरण वर्ष 2019 में लोक निर्माण विभाग को किया गया। वर्ष 2022-23 में जब तात्कालिक मुख्य मंत्री श्री भूपेश बघेल जी का माँ भानेश्वरी जयंती में आगमन हुआ तब सिंघोला से ग्राम करमतरा तक मात्र चार किमी. मार्ग का नवीनीकरण किया गया, लेकिन पांच से 17 किमी. मार्ग पिछले 11वर्षों से जर्जर अवस्था में है, संबंधित ठेकेदार द्वारा इस रोड का पैचिंग का कार्य नहीं किया गया लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते इस ज़िला मुख्य मार्ग का अभी तक नवीनीकरण नहीं हुआ है । वर्ष 2024-25 में 13 से 16 मात्र 4 किमी. बजट में शामिल है लेकिन इसकी स्वीकृति नहीं मिली है ।



श्रीमती साहू ने बताया कि सिंघोला से खुर्सीपार रोड का ज्यादातर उपयोग खुज्जी से सिंघोला होकर राजनांदगांव आने-जाने के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा किया जाता है। इस मार्ग पर जगह-जगह खतरनाक गड्ढे होने के कारण दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। श्रीमती साहू ने बताया कि सिंघोला से खुर्सीपार रोड उनके जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र में आता है और इस रोड का कायाकल्प कराना उनकी प्राथमिकता में है, इसलिए क्षेत्रवासियों की मांग को देखते हुए इस रोड के शीघ्र नवीनीकरण कराने हेतु प्रयासरत हैं। इस बारे में संबंधित विभागीय अधिकारियों से भी उन्होंने सडक़ नवीनीकरण को लेकर चर्चा की है। श्रीमती साहू ने उपमुख्यमंत्री अरूण साव से भी इस रोड के नवीनीकरण कार्य को शीघ्र शुरू कराने का आग्रह किया है, जिस पर श्री साव ने सकारात्मक आश्वासन दिया है।

## ज्ञान मंथन

*1) भारत में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस किस दिन मनाया जाता है?*

*2) लोकपाल में कितने सदस्य होते हैं?*

*3) सोनोब्वाय का प्राथमिक कार्य क्या है?*

*4) ब्रिटेन का वह गवर्नर कौन है जिसने भारत में डाक टिकट शुरू किया था?*

*5) सबसे बुजुर्ग टेस्ट क्रिकेटर रॉन ड्रेपर का 25 फरवरी 2025 को निधन हो गया? वह किस देश से संबंधित है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 16 जनवरी (2) 8 (3) पानी के अंदर की आवाजों पर नजर रखने के लिए (4) लॉर्ड डलहौजी (5) साउथ अफ्रीका

## राशि साहू ने दसवीं मे 95 प्रतिशत अंक अर्जित किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं में पूरे जिले



में टॉप टेन प्रथम स्थान पर आकर समाज का व ग्राम एवं परिवार का नाम रोशन करने वाली बिटिया राशि साहू का पिता जी टोमन साहू माता जी देवकी साहू ग्राम अमलीडीह टोलागांव पहुंच कर सामाजिक बंधु गुलदस्ता भेंट एवं गिफ्ट भेटकर मुंह मीठा करवा कर उनके उज्जवल भविष्य के कामना किया। आत्मानंद स्कूल डोंगरगांव में अध्यनरत राशि साहू ने 95त्न अंक प्राप्त किया, इस अवसर पर सामाजिक गण आदरणीय शिवनारायण साहू सांसद प्रतिनिधि, टामेश्वर साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दिनेश साहू साथ में देवलाल साहू दिलीप साहू एवं सामाजिक बंधु अधिक संख्या में उपस्थित थे।

## भेड़ीकला हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रा ईश्वरी साहू जिले में पांचवा स्थान

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर से लगे ग्राम भेड़ीकला के हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रा ईश्वरी साहू पिता जितेंद्र साहू माता जानकी बाई निवासी ग्राम भाठागांव जो कि कॉमर्स ( वाणिज्य ) संकाय में 92. प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे राजनांदगांव जिले में पांचवा स्थान प्राप्त किया, कृषि सभापति पूर्णिमाकृष्णा साहू ने ने कहा कि हमारे गांव के स्कूल का नाम रोशन किया जिससे हम सभी गौरन्वित महसूस कर रहे हैं। छात्रा ईश्वरी साहू को गुलदस्ता एवं श्रीफल भेटकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर जनपद पंचायत कृषि सभापति पूर्णिमाकृष्णा साहू जनपद सभापति साकेत वैष्णव ग्राम पंचायत भेड़ीकला के पूर्व सरपंच कृष्णा साहू शिवकुमार साहू प्राचार्य श्री एफ आर वर्मा सभी ने बच्ची को बधाइयां एवं शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



# क्रमोन्नति वेतनमान के लिए जनरल आदेश जारी करे सरकार

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्रीमती सोना साहू को क्रमोन्नति वेतनमान एरियर्स राशि पंचायत व शिक्षा विभाग द्वारा दिए जाने की सूचना विभाग द्वारा न्यायालय को दिया गया जिससे प्रदेश के शिक्षकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गयी इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नवीन शिक्षक संघ राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष छंन्नुलाल साहू ने श्रीमती सोना साहू समेत समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग को बधाई देते हुए इस जीत को ऐतिहासिक जीत बताया है यह जीत विभाग की हठधार्मिता के खिलाफ बहुत बड़ी जीत है। यह जीत श्रीमती सोना साहू की धैर्य की जीत है श्रीमती सोना साहू के न्यायालय से जीत और विभाग द्वारा समस्त एरियर्स राशि क्रमोन्नति के भुगतान करने की जानकारी देने के बाद अब जल्दी ही श्रीमती सोना साहू के केस का अध्ययन कर नवीन शिक्षक संघ द्वारा सभी पात्र शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए क्रमोन्नति वेतनमान एरियर्स सहित भुगतान के लिए जनरल आदेश जारी करने की मांग किया जायेगा जिससे किसी भी शिक्षक एलबी संवर्ग के साथियो को न्यायालय के चक्कर लगाने की जरूरत न पड़े । नवीन शिक्षक संघ ने पंचायत व शिक्षा विभाग से अपील किया है की श्रीमती सोना साहू केस से सबक लेकर अब शिक्षक एलबी संवर्ग के क्रमोन्नति वेतनमान के अधिकार से शिक्षक एलबी संवर्ग को वंचित करने स्थान पर जल्दी ही जनरल आदेश जारी कर दिया जाय । नवीन शिक्षक संघ राजनांदगाँव के सचिव अजय कड़व एवं समस्त पदाधिकारियों ने श्रीमती सोना साहू सहित समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग को ऐतिहासिक विजय पर बधाई दिया है। जिलाध्यक्ष छन्नूलाल साहू ने बताया कि शासकीय नियम मे एक ही पद पर 10 वर्ष तक कार्य करने पर क्रमोंन्नत वेतनमान का लाभ दिया जाता है पर शिक्षाकर्मियो को विभाग के अधिकारियो द्वारा लगातार गुमराह किया गया और उनके अधिकार से वंचित कर दिया गया था। परंतु छत्तीसगढ के हाईकोर्ट और देश के सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षाकर्मी श्रीमती सोना साहू के पक्ष मे फैसला दिया है। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अंततः सत्य की जीत हुई है और शिक्षाकर्मियो को न्याय दिलाने मे श्रीमती सोना साहू प्रकरण एक मिल का पत्थर साबित होग।



# सुशासन तिहार से प्रदेश में आई प्रशासनिक कसावट : शिव वर्मा

## कहा - जनता के कामकाज अब आसानी व शीघ्रता से हो रहे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले सहित प्रदेश में चल रहे तीसरे चरण के सुशासन तिहार से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नीत भाजपा सरकार की सब तरफ वह वही हो रही है यह बात कहते हुए वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार से प्रशासनिक कसावट आ चुकी है। वही जिले सहित प्रदेश की जनता का काम शीघ्रता और आसानी से हो रहे हैं। पिछले 5 साल में कांग्रेस की सत्ता रहने के दौरान जनता के कामकाज में विलंब होता था। जनता को अपने कामकाज के लिए दफ्तरों के चक्कर पर चक्कर लगाने पड़ते थे। आज जाना कल आना करके उन्हे लौटा दिया जाता था। रिश्वतखोरी जमकर हो रही थी जनता को समय और धन बहुत गवाना पढ़ता था विष्णु देव साय के सुशासन में बहुत से कम अपने मोहल्ले अपने गांव के शिविर में तथा घर बैठे होते देख रहे हैं इससे मोदी की गारंटी भी सच हो रही है और विष्णु देव साय के सुशासन का भी सपना पूरा हो रहा है जनता संतुष्टि और सुख अनुभव कर रही है और साथ ही साथ संतुष्टि और सुख अनुभव कर रही है और साथ ही साथ समय और धन की बचत हो रही है। नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिव वर्मा ने आगे कहा कि जिले सहित प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के पिछले 15 साल के कार्यकाल से बहुत खुश रही उस अवधि में मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के नेतृत्व और सांसद अभिषेक सिंह के कार्यकाल में जिले सहित प्रदेश में विकास निर्माण कार्यों की मानों बाढ़ आ गई थी। उसके बाद 5 साल तक भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश का विकास गति कमजोर पड़ गई। पूरा राज्य कर्ज से लद गया। अब चूंकि प्रदेश में डबल और ट्रिपल इंजन की सरकार चल रही है तो विकास की गति करीब डेढ़ साल से फिर से तेज हो गई है उन्होंने ने कहा कि हम सब मिलकर प्रदेश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करना है।



# शासकीय नवीन महाविद्यालय अर्जुनी में रक्तदान शिविर का आयोजन, छात्रों ने किया रक्तदान

## रक्तवीरों का हेलमेट से सम्मान

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रेड क्रॉस दिवस तथा विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर शास महाविद्यालय अर्जुनी में रक्तवीर फ़नेंद्र जैन रक्तवीर नागेश यदु तथा हेलमेट संगवारी धर्मेन्द्र साहू के संयोजन एवं शास महाविद्यालय अर्जुनी के प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में महाविद्यालय के सभी छात्रों ने हिस्सा लिया तथा 51 यूनिट रक्तदान भी किया। छात्रों ने बताया की हमारे महाविद्यालय में इस तरह का यह प्रथम कार्यक्रम है जिसमे जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं जन समुदाय तथा जन भागीदारी समिति के सदस्य एवं स्वस्थ व्यक्तियों को प्राचार्य ने रक्तदान के महत्व को विस्तार पूर्वक बताते हुए रक्तदान करने हेतु प्रेरित किय साथ ही रक्तवीर श्री जैन ने सभी ग्रामवासी से रक्तदान करने की अपील के साथ साथ सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने प्रेरित किया। इसी तारतम्य में महाविद्यालय के छात्र मुरली साहू बीए द्वितीय सेमेस्टर एवं शिवकुमार बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों से रक्तदान आरंभ किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता में डॉक्टर संजू सिंह विभाग अध्यक्ष भूगोल, योगेंद्र देवांगन विभाग अध्यक्ष राजनीति विज्ञान, ओम प्रकाश सहारे विभाग अध्यक्ष हिंदी द्वारा रक्तदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम अर्जुनी क्षेत्र के बजरंग दल, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों जिसमे गणेश यादव, भानु प्रताप साहू, राहुल निषाद, हिमेंद्र यादव, दीपक ठाकुर, हरीश सोनकर, देव कुमार रावत सहित 51 युवक युवतियों ने रक्तदान कर लोगो की जीवन बचाने में सहायता किए है। रक्तवीरों का हेलमेट से सम्मान के साथ दिए सड़क सुरक्षा का संदेश हेलमेट संगवारी के संचालक धर्मेंद्र साहू, ओमप्रकाश जैन,सेठ हुकुमचंद जैन, विजय जैन सहित उपस्थित अतिथियों ने सभी रक्तवीरों को रक्तदान करने पर उनका मनोबल बढ़ाया तथा हेलमेट प्रदान कर सड़क सुरक्षा के लिए संदेश दिए और कहा कि जब भी बाइक में चले तो हेलमेट के साथ ही चले। धर्मेंद्र साहू ने कहा कि जिस तरह रक्त हॉस्पिटल में मरीजों की जान बचाता है उसी तरह हेलमेट सड़को में लोगो की जान बचाती है। कार्यक्रम में रक्तवीर नागेश यदु तथा व्याख्याता योगेन्द्र देवांगन ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए तथा प्रथम रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए हर तीन महीने बाद रक्तदान करने की अपील किए।



**श्री जैन कर चुके है 130 बार रक्तदान**

अर्जुनी निवासी फ़नेंद्र जैन अब तक 130 बार रक्तदान कर लोगो की जीवन बचाने में सहायता प्रदान किए है साथ ही छात्र युवा मंच के संयोजक रक्तवीर नागेश यदु ने 51 एवं हेलमेट संगवारी धर्मेन्द्र साहू द्वारा 50 रक्तदान कर चुके है और यह क्रम अभी तक जारी है। कार्यक्रम में कमलेश सोनकर, अलखराम साहू, हंसराज सोनकर, तामेश्वर साहू, ओम प्रकाश जैन, विजय जैन ,दिनेश साहू,गजेंद्र साहू ,दौलत सोनकर , टुमन लाल,सरदार विनायक सिंह सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# वास्तु शास्त्र की इन 4 टिप्स को जरूर करें फॉलो, कभी खाली नहीं होगी तिजोरी




क्या आप भी जीवन में धन की कमी का सामना कर रहे हैं और क्या आपके घर में हमेशा लड़ाई-झगड़े का माहौल बना रहता है तो इसकी प्रमुख वजह घर में वास्तु दोष हो सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं कैसे दूर करें घर का वास्तु दोष। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में वास्तु दोष होने की वजह से परिवार के सभी सदस्यों को जीवन में कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ता है। साथ ही तिजोरी हमेशा खाली रहती है। अगर आप भी इस तरह की समस्या का सामना कर रहे हैं, तो इस आर्टिकल में बताई गई विशेष उपायों को करें। ऐसा माना जाता है कि घर में गंदगी होने की वजह से मां लक्ष्मी का वास नहीं होता है, जिसकी वजह से आर्थिक तंगी की समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि घर में किन खास बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**इस दिशा में रखें झाड़ू**- वास्तु शास्त्र में घर में झाड़ू रखने के लिए शुभ दिशा बताई गई है। ऐसा माना जाता है कि गलत दिशा में झाड़ू को रखने से वास्तु दोष उत्पन्न होता है, जिसकी वजह से घर में सुख शांति का वास नहीं होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में झाड़ू रखने के लिए उत्तर-पश्चिम दिशा को शुभ माना जाता है। इस दिशा में झाड़ू को रखने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और धन लाभ के योग बनते हैं।

**घर की साफ-सफाई का रखें खास ध्यान**- वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में गंदगी के होने से वास्तु दोष की मुख्य वजह होती है, क्योंकि गंदगी नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, धन की देवी मां लक्ष्मी का वास गंदगी वाली जगह पर नहीं होता है, जिसकी वजह से आर्थिक तंगी की समस्या उत्पन्न होती है। इसलिए घर की साफ-सफाई का खास ध्यान रखें।

**क्या है तिजोरी को रखने की सही दिशा**- इसके अलावा तिजोरी को उत्तर दिशा में रखना शुभ माना जाता है। इस दिशा में तिजोरी को रखने से हमेशा तिजोरी भरी रहती है। साथ ही परिवार के सदस्यों को जीवन में धन की कमी का सामना नहीं करना पड़ता है। एक बात का खास ध्यान रखें कि तिजोरी को कभी भी खाली न रखें। इसमें सिक्के या नोट जरूर रखें।



**वास्तु दोष होने पर मिलते हैं ये संकेत**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में वास्तु दोष उत्पन्न होने पर नकारात्मक ऊर्जा में वृद्धि होती है, जिसकी वजह से परिवार में लड़ाई-झगड़े की समस्या बनी रहती है और धन की हानि का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा कामों के सफलता प्राप्त नहीं होती है।

## विनायक चतुर्थी व्रत से सभी बाधाएं होंगी दूर अभी नोट करें शुभ मुहूर्त और पूजा विधि

विनायक चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की पूजा का खास महत्व है। हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही विशेष चीजों का दान किया जाता है। आइए जानते हैं ज्येष्ठ माह में कब है विनायक चतुर्थी। वैदिक पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर विनायक चतुर्थी का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन भक्त भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, चतुर्थी तिथि के दिन गणपति बप्पा की पूजा करने से साधक को धन से जुड़ी समस्या से छुटकारा मिलता है। साथ ही सभी संकट दूर होते हैं। विनायक चतुर्थी व्रत को करने से सभी बाधाएं दूर होती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं विनायक चतुर्थी के बारे में सबकुछ।विनायक चतुर्थी 2025 डेट और शुभ मुहूर्त शुभ - वैदिक पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरुआत 29 मई को रात 11 बजकर 58 मिनट से शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 30 मई को रात 09 बजकर 22 मिनट पर होगा। ऐसे में 30 मई को विनायक चतुर्थी को मनाई जाएगी। इस दिन भगवान गणेश की पूजा करने का शुभ मुहूर्त 10 बजकर 56 मिनट से 01 बजकर 42 मिनट तक है।



nandgaon times may-11-03.qxd 5/10/2025 11:25 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# वार्डवासियों की समस्या का समाधान बताने आज ठा. प्यारेलाल स्कूल में 6 वार्ड के लिए समाधान शिविर का हुआ आयोजन

### महापौर सहित निगम अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष एवं आयुक्त ने हितग्राहियों को राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड एवं लर्निंग लाईसेंस का किया वितरण









**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हे शासन की योजनाओं का लाभ देने प्रदेश में गत माह से सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तीसरे चरण में नागरिकों की समस्या का समाधान बताने शहर एवं गांव में शिविर लगाया जा रहा है। इसी कडी में नगर निगम, राजनांदगांव द्वारा भी वार्डवासियों की समस्या का समाधान बताने वार्डो में समाधान शिविर लगाए जा रहे है। आज ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल में वार्ड नं. 15,16,17,18,19 एवं 23 के लिए शिविर आयोजित किए गए। शिविर में निगम सहित विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। जहॉ नागरिकों की समस्या संबंधी आवेदन का समाधान बताया गया।

ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल के शिविर में महापौर श्री मधुसूदन यादव सहित निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा तथा संबंधित वार्ड के पार्षद में निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेताप्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री राजा माखीजा, पार्षद श्री प्रमोद झंझाडे व श्रीमती संगीता देवांगन के अलावा शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य श्री आलोक श्रोती वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा व हेमन्त शेखर यादव, उपायुक्त श्री मोबिन अली विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवल कर राजगीत के माध्यम से समाधान शिविर का शुभारंभ किया। महापौर श्री यादव ने शिविर में अपने संबोधन में कहा कि, मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय जी ने सरकार एवं जनता के बीच सीधा संवाद करने तथा नागरिकों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ देने सुशासन तिहार 2025 का पूरे प्रदेश में आयोजन कराया। जिसमें तीन चरण में आवेदन लेने के साथ-साथ उसका निराकरण कर समाधान बताना है। उन्होने कहा कि, वार्डवासियों की समस्या का समाधान बताने 5 मई से 31 मई तक नगर निगम द्वारा वार्डो के लिए स्कूलों में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। आज ठा. प्यारेलाल स्कूल में 6 वार्ड के लिए आयोजित शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित होकर अपने विभाग में प्राप्त आवेदनों का समाधान बता रहे है। उन्होने कहा कि, बड़ी समस्या एवं बड़े कार्य का विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव जी एवं सांसद श्री संतोष पाण्डे जी के सहयोग से निराकरण किया जाएगा। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि, प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का द्वितीय चरण में निराकरण कर संबंधित को उनके समाधान बताया गया साथ ही समाधान को ऑनलाईन अपलोड किया गया। उन्होने कहा कि, आज शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा समस्या का समाधान बताया जा रहा है। इसके अलावा जिन लोगो ने आवेदन नही किया है, उनसे भी आज आवेदन लिया जा रहा है। शिविर में अध्यक्ष श्री वर्मा, नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले एवं पार्षद श्री शिव वर्मा ने भी अपने विचार रख वार्ड वासियों को अपनी समस्या का समाधान जान शासन की योजना का लाभ लेने की अपील किए। शिविर में अतिथियो ने राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड एवं लर्निंग ड्राईविंग लाईसेंस तथा मातृत्व वंदन योजना के तहत राशि का हितग्राहियों को वितरण किया। साथ ही सुपोषित बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। अतिथियों ने स्टॉल का निरीक्षण कर सभी विभाग में आए आवेदन तथा उसके समाधान की जानकारी ली। शिविर में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के माध्यम से उपस्थितजनों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। समाधान शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कैट की नई बॉडी को नांदगांव की व्यापारियों ने रायपुर पहुंच कर दी बधाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कैट की नई टीम की गठन होने पर



राजनांदगांव के व्यापारियों ने रायपुर पहुंचकर नए पदाधिकारी सहित पूरे कार्यकारिणी को बधाई दी है। राजनांदगांव के व्यापारी गण अनिल बरडिया, राजू डागा, आलोक बिंदल, संजय तेजवानी, गुरमुख दास वाधवा, शरद अग्रवाल, अमित खंडेलवाल, सूरज खंडेलवाल, योगेश खत्री, रोहित मखीजा, राजकुमार बाफ्ना, भागचंद गढ़िया आदि ने रायपुर पहुंचकर कैट की टीम में के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन बनने पर अमर परवानी को बधाई दी इसी के साथ प्रदेश के नई कार्यकारिणी को बधाई देकर वे स - कुशल लौट आए हैं।

## दसवीं में करीना प्रथम, बारहवीं में रोशन लाल

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गोड़लवाही में दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। दसवीं बोर्ड का परिणाम 86.56त्न एवं बारहवीं का 76.56त्न फीसदी रहा . कक्षा 10 वीं में करीना ने 91.33त्न प्रथम , येनुका नायक 86.83त्न द्वितीय एवं गरिमा 86.33त्न तीसरे स्थान पर रही . कक्षा बारहवीं में रोशन लाल 79त्न प्रथम, पीयूष साहू 78.2त्न द्वितीय एवं तिलेश 78त्न तृतीय स्थान पर रहे। परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट होने पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य शैलेश कुमार पिस्दा, व्याख्याता कमलेश साहू , हीरालाल साहू धर्मेन्द्र गोयल, पालेन्द्र कुल्हारा सहित सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सफल छात्रों के भविष्य उज्जवल की कामना की है .

## व्यवहार न्यायालय छुईखदान में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया



**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय सुषमा सावंत के मार्गदर्शन में न्यायालय छईखदान में तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री ईशान व्यास द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें राजीनामा योग्य धाराओं में आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत में निराकरण करने के लिए सिविल वाद प्रकरण, रेगुलर क्रिमिनल, मोटर यान अधिनियम, ट्रैफिक चालान, चेक अनादर अधिनियम, बैंक संबंधित मामले, विद्युत संबंधित मामले, एवं नल जल कर से संबंधित मामले पेश किए गए थे पी.एल.व्ही सनील कुमार द्वारा बताया गया की उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से व्यवहार न्यायालय छुईखदान में लंबित मामलों में से रेगुलर क्रिमिनल 7 प्रकरण, चेक अनादर अधिनियम 8 प्रकरण, आबकारी अधिनियम ,जुआ अधिनियम एवं मोटरयान अधिनियम 455 प्रकरण, कुल 470 प्रकरणों में राजीनामा हुआ। नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह में आयोजन किया जाता है। जिसमें राजीनामा तथा आपसी भाईचारा से अपने प्रकरण का निराकरण करते हैं ।उक्त नेशनल लोक अदालत में तालुका विधिक सेवा समिति छुईखदान द्वारा दिव्यांगजन को आने-जाने तथा चलने फिरने में परेशानी ना हो इसलिए व्हीलचेयर कि सुविधा उपलब्ध कराई गई थी तथा खंड चिकित्सा अधिकारी छुईखदान के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्तागण तथा पक्षकारो को स्वास्थ्य संबंधित चेक अप कर दवाइयां वितरण किया गया ।

## लावारिस बैग में मिला सपना

## आरपीएफ राजनांदगांव की सजगता से सुरक्षित हुआ एक भविष्य



**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर आज प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर चेकिंग के दौरान एक लावारिस नीला ट्रॉली बैग मिला। आरपीएफ निरीक्षक तरुणा साहू और उनकी टीम की सतर्कता के चलते बैग की जांच की गई, जिसमें एक छात्रा अंजू यादव से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज, किताबें और कपड़े मिले। अंजू नीट परीक्षा की तैयारी कर रही है और यह बैग उसकी मेहनत और सपनों का प्रतीक था। आरपीएफ ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी साझा की, जिससे मात्र आधे घंटे में अंजू के परिचितों ने संपर्क कर बैग सुरक्षित प्राप्त किया। रेलवे सुरक्षा बल की इस संवेदनशीलता और तत्परता ने एक छात्रा के भविष्य को सुरक्षित रखने का सराहनीय कार्य किया।

## शादी कार्यक्रम में गए थे बाहर, चोरो ने लगाई घर में सेंध, लाखों का माल पार

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के कंडरापारा सांई नगर के सेन परिवार के सुने मकान में अज्ञात चोरो के द्वारा सेंध लगा लाखों के माल चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है. बताया जाता है कि परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में शामिल होने बाहर गांव गए थे जिसका फ़ायदा उठा चोरो ने हाथ साफ कर दिया होगा, हालाँकि घर के लगे सीसीटीवी कैमरा को अज्ञात चोरो के द्वारा तोड़ दिया गया है और आलमारी तोड़कर जेवरात सहित नगदी की चोरी कर ली गई है. वही प्रार्थी सीमन्त लाल सेन स/ह श्री बिसौहा राम सेन वार्ड नंबर 21 साई नगर डोंगरगढ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मैं अपने पारिवारिक सदस्य के यहां दिनांक 05 मई 2025 को दुर्ग शादी कार्यक्रम में गया हुआ कि 08 मई को पड़ोसियों के द्वारा लगभग 12.30 बजे मुझे फोन द्वारा सूचना दी कि बीती रात आपके घर चोरी हो गई। तब मैं दुर्ग से अपना घर डोंगरगढ आया और देखा कि घर के सभी दरवाजो के ताले टुटे हुए थे तथा समान बिखरा हुआ था। जिसमे मंगल सुत्र, दो नग कान के टाप्स, रानी हार, चांदी का सिक्का तथा नगद राशि 20,000 /-, लैपटाप, होम ? थियेटर, जीओ का वाई फाई,TV, सेटअप बाक्स 3 नग, पुराना चांदी का सामान(लगभग 20 तोला), बैंक पास बुक (PNB, SBI, RDCB, Central, Central, PAN card Bank),, आधार कार्ड, कार का RCBook,, इत्यादि चोरी कर ले गया है। पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफमामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है.

**मामला- कंडरा पारा सांई नगर में सुने मकान में चोरी का**

## मंडई में हुए झगड़े का बदला लेने की नियत से किया हमला

### ग्राम भण्डारपुर में चाकू से हमला करने वाले 03 नाबालिक बालकों को लिया गया अभिरक्षा में., विवाद बाद ग्राम स्तर पर हुआ था समझौता

**हत्या के प्रयास की धारा- 296, 115(2), 109, 3(5) बीएनसएस के तहत की गई है कार्यवाही**

**डोंगरगढ़/ भंडारपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** गांव में हुए मंडई मेले में झगड़े का बदला लेने के उद्देश्य से लाठी, दण्डा और चाकू से हमला करने वाले 03 नाबालिक बालकों को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया गया है. पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि 08. मई 2025 को ग्राम भण्डारपुर में रात्रि लगभग 09:30 बजे प्रार्थी नोकेश्वर चन्द्रवंशी पिता प्रकाश चन्द्रवंशी उम्र- 42 साल निवासी ग्राम भण्डारपुर का भतीजा व गांव के एक अन्य बालक को 03 नाबालिक बालकों द्वारा पुरानी रंजीश को लेकर लकड़ी एवं बांस के डण्डा व धारदार चाकू से जान से मारने की नियत से वार कर दिया। जिससे प्रार्थी के भतीजा के सिर में गंभीर चोंट आई एवं एक अन्य बालक को भी हाथ, पैर सिर में चोंट आया। जिसकी रिपोर्ट पर अप0क्र0- 208/2025 धारा- 296, 115(2), 109, 3(5) बीएनसएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था और घटना की गंभीरता को देखते डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तीनो नाबालिक बालकों की पता तलाश कर अभिरक्षा में लेकर पुछताछ किया। पुछताछ करने पर नाबालिक बालकों द्वारा मंडई के समय पूर्व में इन लोगों से विवाद होना बताया जिसका ग्राम स्तर पर समझौता हो जाने से सीने में बदले की आग जल रही थी और मौका मिलते ही तीनों मिलकर लकड़ी, बांस के डण्डा एवं चाकू से मारपीट करना बताया गया। पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू एवं लकड़ी व बांस के डण्डा को जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा, उप निरीक्षक राजेश कुमार, सउनि कुरैशी, आर0 प्रयांश सिंह, चन्द्रकात सोनी, लक्ष्मी कंवर, योगेश साहू का विशेष योगदान रहा है।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com